卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ ३ म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 3 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦9 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## किसानों ने फूंकी धान की फसल

### गल्ला मण्डी में किसानों किया जोरदार प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंडी में किसानों के धान की नियमानुसार खरीद न होने के खिलाफ आज तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिन्दर सिंह विर्क के नेतृत्व में अनेक ग्रामों से आये दर्जनों किसानों ने गल्ला मंडी से प्रदर्शन के साथ जुलूस निकालकर गल्ला मंडी मोड़ राष्ट्रीय मार्ग पर धान की फसल को आग के हवाले किया। इस दौरान एसएसपी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। बाद में किसानों की एडीएम जयभारत सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, प्रभारी एसडीएम गौरव सिंह व तहसीलदार आदि से वार्ता हुई। जिसमें किसानों ने धान खरीद में आ रही परेशानियो से अधिकारियों को वस्तार अवगत कराते हुए इसका तत्काल समाधान कराने की मांग की और एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व दर्जनों किसान गल्ला मंडी में एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी काते हुए जुलूस की शक्ल में काशीपुर (शेष पृष्ठ सात पर)



## सड़क दुर्घटना में बुझा घर का इकलौता चिराग



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी से लालकुंआ जा रहे बाइक सवार युवकों को देर रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि उसका साथी घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक घर का इकलौता चिराग था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात लगभग 8.15 बजे भूपेंद्र सिंह कोरंगा पुत्र जगदीश सिंह कोरंगा निवासी संजय नगर बिंदुखत्ता और कमल धारियाल निवासी राजीव नगर 1 बोरिंगपट्टा बिंदुखत्ता हल्द्वानी से घर आ रहे थे। उनकी बाइक संख्या यूके 04एके 7146 को मोतीनगर भारत पेट्रोलियम के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने घायल दोनों युवको को 108 की मदद से हल्द्वानी अस्पताल भिजवाया, जहां भूपेंद्र सिंह कोरंगा (शेष पृष्ठ सात पर)

## एक और बस हादसा बाल-बाल बचे 20 लोग

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नैनीताल कालाढुंगी मार्ग पर रविवार रात हुए हादसे के बाद एक और बस हादसा सामने आया है। उत्तराखण्ड परिवहन निगम की दिल्ली से गंगोली हाट आ रही बस चितई के पास सड़क मार्ग से बाहर उतर कर पहाड़ी से टकरा गई। बस में 20 यात्री सवार थे। जिसकी सूचना पर राहत बचाव दल मौके पर पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार, सभी यात्री सही सलामत बताए जा रहे हैं। दुर्घटना सुबह 5 बजे की है। यात्रियों को दूसरी बस से गंगोलीहाट रवाना किया गया।



## आईटीबीपी को मिले 27 युवा अफसर

मसूरी (उद संवाददाता)।भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को आज 27 नए युवा अधिकारी मिल गए हैं। सोमवार को मसूरी में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद परेड में अंतिम पग भरते ही ये अधिकारी आईटीबीपी की मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि अनीश दयाल सिंह, भारतीय पुलिस सेवा, महानिदेशक, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल ने अपने अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल 19 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित अग्रिम चौकियों में माइनस 45 डिग्री तापमान में भी मुश्किल हालातों में मुस्तैदी से काम करने वाला एक अनुशासित और अति प्रशिक्षित बल है। हमारे सैनिक देश के अलावा विदेशों में भी महत्वपूर्ण स्थानों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। बता दें कि एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 14 सहायक सेनानी, जीडी व छह माह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 12 सहायक सेनानी/ चिकित्सा, एक सहायक सेनानी/ वैट, तीन महिला सहायक सेनानी/ चिकित्सा, बल की मुख्य (शेष पृष्ठ सात पर)




## पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। घायल पत्नी की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नं. नौ ट्रांजिट कैम्प निवासी भावना ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका विवाह वर्ष 2014 में अनूप सक्सेना के साथ हुआ था। वर्तमानम उसके नौ और सात वर्ष के दो बच्चे हैं। महिला का आरोप है कि उसका पति शराब पीने का आदी है ओर जुआ खेलता है। जुआ और शराब की लत के कारण दो मकान बेच चुका है। घ्त्रार में कोई खर्चा नहीं देता। आये दिन मारपीट करता है। महिला ने तहरीर (शेष पृष्ठ सात पर)

## अवैध कालोनाइजरों के खिलाफ बेहड़ ने खोला मोर्चा

### पन्द्रह दिन में कार्रवाई नहीं होने पर दायर करेंगे जनहित याचिका

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विधानसभा क्षेत्र में कॉलोनाइजरों पर नियम विरुद्ध कॉलोनी बनाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसमें प्रशासन की मिली भगत के चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की मिलीभगत से कॉलोनाइजरों द्वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कॉलोनिया तो काटी जा रही है किंतु सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था नहीं की जा रही जिस वजह से आम जनता को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा कॉलोनाइजर से सड़क, बिजली ,पानी की व्यवस्था 15 दिनों के अंदर नहीं कराई तो तो वह उच्च न्यायालय में जाकर एक जनहित याचिका दायर करेंगे तथा आम आदमी का हक दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि किच्छा का विकास उनकी पहली जिम्मेदारी है विकास के नाम पर कॉलोनाइजरों द्वारा जो कालोनिया नियमों को अनदेखा कर बनाई है वहां रह रहे लोगों द्वारा उनसे बार–बार (शेष पृष्ठ सात पर)



## साईबर ठगों के जाल में फंसे युवक ने गंवाये 38 .5 लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठगों द्वारा यूट्यूब बीडियों देखकर रूपये कमाने के लालच में फंस कर एक युवक ने 38.5 लाख रूपये गंवा दिये। एसएसपी के निर्देश पर मामले की रपट दर्ज करा दर गई है। दर्ज रपट में ग्राम जहाँगीरपुर पोस्ट ऑफिस खानपुर, रुद्रपुर उधम सिंह नगर का निवासी गुरप्रताप जुनेजा ने कहा है कि 5 जुलाई को व्हाट्स ऐप मोबाइल से संदेश आया यूट्यूब वीडियो देखकर पैसे कमाएं। उसके बाद उसे एक वीडियो वाचिंग टास्क दिया गया। जिसे पूरा करने के बाद उसे एक टेल्गारम संपर्क लिंक (नीता पटेल–बिजनेस मैनेजर) से चैट करने को कहा गया जिसके बाद उसे 150 रुपये दिए गए राशि अकाउंट में प्राप्त हुई। उसके बाद उसकी एक टेलीग्राम ग्रुप में ऐड किया। टेलीग्राम ग्रुप में हर वीडियो टास्क पूरा करने के 50 रुपये दिए गए। जिसके बाद एक वेलफेयर टास्क दिया गया, जिसमें प्रार्थी को 2000 रूपये एक अकाउंट जाम करने के लिए कहा गया। जो यूपीआई के माध्यम से जमा करवाये। उसके बाद टीचर (शेष पृष्ठ सात पर)

## विदेश भेजने के नाम पर 2 .30 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रोजगार के लिए विदेश दुबई भेजने के नाम पर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति से 2.30 लाख रूपये की धोखाधड़ी कर ली गई। कोर्ट के आदेश पर मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. रमाशंकर शर्मा निवासी खेडा कालोनी वार्ड 17 रूद्रपुर ने मिथुन हलदार पुत्र सुनील हलदार, राजू हलदार पुत्र सुनील हलदार, सुनील हलदार पुत्र अज्ञात निवासीगण जगतपुरा ट्राजिट कैम्प, सतपाल सिह पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम मलसा किच्छा के विरूद्ध वाद दायर किया गया है। उसका आरोप है कि गुरवाज सिह व उसकी कुछ वर्ष पूर्व मिथुन हलदार से जान पहचान हुयी। मिथुन ने बताया कि वह व उसका भाई राजू हलदार लोंगो का नौकरी का (शेष पृष्ठ सात पर)

## आर्मी ऑफीसर बनकर बस स्वामी से 79 हजार ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खुद को आर्मी ऑफीसर बताकर एक व्यक्ति ने बस स्वामी से करीब 79 हजार रूपये ठग लिये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शाहबाज हुसैन पुत्र इरशाद हुसैन निवासी सुभाष कालौनी वार्ड 27 रूद्रपुर ने कहा है कि 27 जून को उसके मोबाइल पर काल आई जिसमें काल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम गौरव और स्वंय को आर्मी ऑफिसर बताया और कहा कि चीनी मिल से देहरादून आज ही जाना है तुम अपनी बस लेकर तेल मिल के पास आ जाओ हम लोग यही रोड पर खड़े मिल जायेगें। जिस पर वह अपनी 42 शीटर बस संख्या यूके 06 पीए 0190 को लेकर काशीपुर रोड पर तेल मिल के पास ले गया वहाँ पर रोड पर उक्त काल करने वाला व्यक्ति नही मिला उसने अपने मोबाइल से ही बात की । जब उनसे बस की बुकिंग राशि अट्ठारह हजार रूपये एडवान्स माँगी तो काल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आर्मी में नियम है कि पहले आप बस की बुकिंग राशि हमारे खाते में ऑन लाइन जमा कराओ तो बुकिंग डियूटी समाप्त होने पर वापिसी में बुकिंग राशि एवं आपके द्वारा जमा राशि एक साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## नगर निगम बोर्ड की बैठक में दुबारा हुआ प्रस्तावों का अनुमोदन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम की बोर्ड की बैठक में आज पूर्व बैठक में पारित हुए 60 से अधिक प्रस्तावों का पुन: अनुमोदन किया गया। बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने हंगामा किया। बता दें पिछली बैठक में पारित प्रस्तावों को लेकर किसी ने माननीय हाईकोर्ट में आपत्ति व्यक्त की थी। जिस पर माननीय हाईकोर्ट ने पुन: बैठक कर नये नगर आयुक्त की मौजूदगी में प्रस्तावों का अनुमोदन करने के आदेश दिये थे। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सोमवार को पुन: नगर निगम बोर्ड की बैठक बुलायी गयी। मेयर रामपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पिछली बैठक में पारित हुए सभी प्रस्तावों को पुन: पारित कर दिया गया। बैठक में पार्षद रमेश कालड़ा के सुझाव पर 10 सालों से नजूल पर बसे लोगों पर गृहकर लगाए जाने के प्रस्ताव को संशोधित करते हुए इसे सात साल किया गया।(शेष पृष्ठ सात पर)





## घर में घुसकर युवती से अश्लीलता वीडियो वायरल

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस को तहरीर देकर रमपुरा काशीपुर निवासी सिमरन कौर पुत्री अमरजीत सिंह ने बताया कि बीते 6 अक्टूबर की रात्रि लगभग 8:00 बजे उपरोक्त मोहल्ला निवासी भीम सिंह पुत्र जसवंत सिंह तथा उसकी पत्नी पूजा कौर शराब के नशे में चूर होकर घर पर आ धमके और गेट तोड़कर अंदर घुस (शेष पृष्ठ सात पर)

# अपनी जाति गर्व के साथ सबको बताएं: राठौर

## भारतीय तैलिक साहू राठौर साहू महासभा का चतुर्थ प्रदेश महासम्मेलन संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हम सभी को अपनी जाति गर्व के साथ सबको बतानी चाहिए। यह बात भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित राठौर साहू तेली जाति का चतुर्थ प्रदेश महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घघाटन राष्ट्रीय उमेश नन्द लाल साहू, दयाशंकर साहू, अजय पाल राठौर, प्रेमलता राठौर, ललित राठौर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शांति कुंज हरिद्वार से गायत्री परिवार ने नशा मुक्ति, नारी शक्ति का सम्मान, सामाजिक कुरीतियो को दूर करने अशिक्षा को समाप्त करने के लिए गीत प्रस्तुत किये और समाज को जागृत किया। मुख्य अतिथि राकेश राठौर ने समाज को राजनीति में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करने की अपीलश की। उन्होंने कहा कि हम विभिन्न उपनामो को लिखते है लेकिन हमे अपनी जाति खुलकर गर्व के साथ बताना चाहिए क्योंकि तेली जाति समाज का इतिहास गौरब से भरा हुआ है। अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि राज्य मंत्री वल्देव सिंह औलख ने कहा कि उत्तराखण्ड की सीमा पर बड़ी संख्या में रामपुर, बिलासपुर, बहेड़ी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहापुर, बदायूँ तराई के लोग रूद्रपुर में रहते है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस समाज का सम्मान करते हैं और उनके दरवाजे हर समय तेली समाज की समस्याओं के निराकरण के लिए खुले है। श्री ओलख ने कहा कि हमारे प्रधानमन्त्री भी तेली समाज से आते हैं हमे तेली समाज पर गर्व है। विशिष्ठ अतिथि मेयर रामपाल सिंह, नगर पालिका नवाब गंज की पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने उत्तराखण्ड में रहने वाले राठौर-साहू समाज की समस्याओं का समर्थन करते हुए सरकार के सामने रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं उत्तराखण्ड प्रदेश अध्घ्यक्ष ललित राठौर ने उत्तराखण्ड सरकार से सात सूत्रीय मागो को सम्मेलन में रखा। जिनमें प्रमुख रूप से उत्तराखड का ओ बी सी आरक्षण कोटा जो पूर्व में 27 प्रतिशत था जिसे 14 प्रतिशत कर दिया है उसे पूर्ववत करने, पिछड़ी जाति के नवीनीकरण की बाध्यता को समाप्त करने, उत्तराखण्ड पिछडा वर्ग आयोग में तेली जाति को भागेदारी, उत्पभाषण्ड में तेघानी बोर्ड के गठन की मांग, उत्तखण्ड का गठन 9 नवम्बर 2000 के समय जो समाज के लोग उत्तयखण्ड सीमा में निवास कर रहे हैं. उन्हें स्थाई निवास के स्थान पर मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करने, नजूल भूमि पर फ्री होल्ड के लिएवर्ष 2000 का सर्किलश रेट पर फ्री होल्ड कराने की सरकार से मांग की गयी।महासम्मेलन में अतिथि गणो द्वारा मेंधावी श्छात्राओ का सम्मान, बेटी बचाओ बेटी पढाओं के अन्तर्गत शिक्षित महिलाओ का सम्मान तथा समाज के प्रमुख समाज सेवियों एवं उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया।इस यूके अवसर पर शेर सिंह राठौर, दिनेश गुप्ता, लालू कुमार गुप्ता, जमुना प्रसाद साहू, बीना साहू, मुक्ता प्रसाद राठौर, डा0 जसवन्त राठौर, छेदालाल राठौर, पार्षद कैलाश राठौर, दयानाथ गुप्ता, तेजप्रकाश, के पी राठौर, नरेन्द्र राठौर, पंकज गुप्ता, कमलेश कुमार राठौर, उमेश राठौर, शिव चरन राठौर, चिन्तामणि राठौर, भोलानाथ राठौर, आर एन गुप्ता, भगवत सरन राठौर, रामवहादुर राठौर, राजेन्द्र राठौर, छत्रपाल राठौर, वीरेन्द्र राठौर, रोहित राठौर, दशरथ लाल गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, काशीनाथ गुप्ता, बाबूराम राठौर, नत्थू लाल राठौर, नेमचन्द राठौर, पूनम सिंह, श्रीति राठौर, पुषा राठौर, विद्या राठौर, नीलम राठौर, अभिषेक राठौर, रीमा राठौर, किशन साह, रितिक सिंह राठौर, पूजा राठौर सहित राठौर साहू समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।







# धारचूला में चलती जीप पर गिरी चट्टान,रेस्क्यू जारी

## हादसे में तीन बच्चों सहित सात लोगों की दर्दनाक मौत

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। धारचूला। रविवार को तवाघाट-लिपुलेख मार्ग पर कोथला के पास मलबे में दबे लोगों का अभी तक पता नहीं चल सका है। सोमवार सुबह से खोज कार्य प्रारंभ हो चुका है। सोमवार सुबह पांगला थाने से पुलिस दल सहित एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और एसएसबी मौके पर पहुंची और मलबा हटाने का कार्य चल रहा है । घटना के अब 24 घंटे पूरे होने को जा रहे हैं । मलबे में दबे किसी के भी जिंदा रहने व दूर शवों के भी टुकड़े मिलने की संभावना जताई जा रही है। इधर अब बाजार बंद के निर्णय को स्थगित कर प्रदर्शन का करते हुए सड़क का कार्य करने वाली कंपनी के खिलाफ ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। रविवार को धारचूला- लिपुलेख सड़क पर थक्ती झरने के पास चट्टान खिसकने से एक बोलेरो कैंपर दब गया। इस हादसे में तीन बच्चों सहित सात लोगों के मारे जाने की आशंका है। लगातार सात घंटे तक खोज एवं बचाव अभियान चलाने के बावजूद चट्टानों के नीचे दबी कार का पता नहीं चल सका। अंधेरा होने के कारण शाम सात बजे अभियान बंद कर दिया गया। चट्टान दरकने से दोनों ओर कई वाहन फंसे हैं। धारचूला से 55 किमी दूर मालपा और पेलसिती झरने के बीच स्थित थक्ती झरने के पास रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे विशालकाय चट्टान खिसककर सड़क पर गिर गया। नाबि गांव से धारचूला की ओर आ रही बोलेरो कैंपर जीप इससे दब गई। इस जीप से आगे चल रही दूसरी जीप के चालक अजय ने जब गड़गड़ाहट की आवाज सुनी तो उन्हें हादसे का पता चला। उन्होंने घटना की जानकारी नेपाली सिम से धारचूला में परिचितों को दी। इसके बाद पुलिस, एसएसबी 11वीं वाहिनी, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। बीआरओ के डोजर और पोकलेन की मदद से चट्टानों को हटाने का काम शुरू किया गया लेकिन करीब 50 मीटर तक विशालकाय चट्टानों के पड़े होने से जीप और उसमें सवार लोगों का पता नहीं चल सका। देर शाम मलबे में जीप की छत का कुछ हिस्सा और किसी यात्री के शरीर के कुछ टुकड़े नजर आए। इस बीच अंधेरा होने और फिर से चट्टानों के गिरने की आशंका को देखते हुए अभियान रोकना पड़ा। बताया जा रहा है कि इस जीप में नपलच्यू गांव निवासी वीदन सिंह के तीन बच्चे और बुंदी गांव के सेवानिवृत शिक्षक तुला राम बुदियाल और उनकी पत्नी आशु देवी सहित सात लोग सवार थे। जीप चालक बलुवाकोट निवासी बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोग रास्ते से भी इस जीप में सवार हुए थे। ऐसे में संख्या बढ़ सकती है। सड़क पर चट्टानें गिरने के कारण धारचूला- लिपुलेख सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद है। इन दिनों ग्रामीण बड़ी संख्या में पूजा और प्रवास के लिए आवाजाही कर रहे हैं। आदि कैलाश और ओम पर्वत जाने वाले सैकड़ों पर्यटक भी वहां फंसे हैं। अब सोमवार सुबह मलबा और चट्टानों को हटाने का काम किया जाएगा।





# पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर के शिक्षकों ने निकाली सरकार जागरण रैली

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश की राजधानी दून में प्रधानाचार्य के शत प्रतिशत पदों को पदोन्नति से भरने और पुरानी पेंशन बहाल करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर के शिक्षकों ने रैली निकालकर ताकत दिखाई। देहरादून की सड़कों पर शिक्षकों का हुजूम उमड़ा। ढोल, दमाऊ और रणसिंगा के साथ रैली में शामिल शिक्षकों ने कहा कि यदि जल्द सभी मांगों पर अमल नहीं हुआ तो इसके विरोध में 16 अक्तूबर को राज्यभर में शिक्षक ब्लॉक और जिला मुख्यालयों में धरना देंगे। राजकीय शिक्षक संघ से जुड़े विभिन्न जिलों से देहरादून पहुंचे शिक्षकों ने परेड ग्राउंड से घंटाघर, बहल चौक, सुभाष रोड होते हुए वापस परेड ग्राउंड तक सरकार जागरण रैली निकाली। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने कहा, लंबित मांगों को लेकर शिक्षक झूठे आश्वासन से मानने वाले नहीं हैं। जब तक सभी मांगें नहीं मान ली जाती शिक्षक छात्रहित को प्रभावित किए बिना आंदोलन जारी रखेंगे। शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री रमेश पैन्यूली ने कहा, शिक्षकों की सभी मांगों पर समय रहते अमल किया जाए। इसमें देरी से शिक्षकों को कोर्ट जाने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। रैली में प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष गोकुल मर्तोलिया, मंत्री रविशंकर गुसांई, पिथौरागढ़ से जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भंडारी, मंत्री प्रवीण रावल, चंपावत से जिलाध्यक्ष जगदीश अधिकारी, मंत्री इंदूवर जोशी, देहरादून जिलाध्यक्ष कुलदीप कंडारी आदि शामिल रहे। रैली को प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ, उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ, पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन, पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा और सचिवालय कर्मचारियों ने समर्थन दिया। रैली में शामिल अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय बिजल्वाण, महामंत्री महादेव मैठाणी, जिलाध्यक्ष अनिल नौटियाल, मनमोहन रौतेला, दीपक मिश्रा, चिंतामणि सेमवाल, जनार्दन बुडाकोटी एवं राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा,सरकार शिक्षकों की मांगों पर जल्द अमल करे। **शिक्षकों की कुछ प्रमुख मांगें** : यात्रा अवकाश बहाल किया जाए सहायक अध्यापक एलटी, प्रवक्ता और प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति की जाए वेतन विसंगति को दूर किया जाए अधिक छात्र संख्या वाले इंटर कॉलेज में उप प्रधानाचार्य का पद सृजित किया जाए।



# गढीनेगी में स्वामी हरि चैतन्यपुरी का भव्य स्वागत

गढ़ीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा आश्रम कामां के पीठाधीश्वर श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज महाराष्ट्र व राजस्थान के विभिन्न स्थानों में विराट धर्म सम्मेलनों की अध्यक्षता व लाखों भक्तों का मार्गदर्शन करने के बाद आज यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में पहुंचे। यहां पहुंचने पर स्थानीय, क्षेत्रीय व दूरदराज से आए भक्तजनों ने फूल मालाएं पहनाकर, पुष्प वृष्टि करते हुए आरती उतारकर "श्री गुरु महाराज" कामां के कन्हैया,लाठी वाले भैया" की जय जयकार के साथ पूर्ण धार्मिक रीति से भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया। श्री महाराज जी ने देवभूमि उत्तराखंड की महिमा का गायन किया। उन्होंने उपस्थित बड़ी संख्या में भक्तों से



अनुरोध किया कि हम सभी इस पवित्र भूमि व महान भारत राष्ट्र की मर्यादाओं, मूल्यों व व ऋषियों के मार्गदर्शन को अपनायें व अपनी पहचान को कभी खोने की कोशिश ना करें। श्री हरि कृपा धाम आश्रम पर श्री महाराज जी के व श्री हरेश्वर महादेव मंदिर के दर्शनों के लिए भक्तों का ताँता लगा रहा। श्री महाराज जी आज श्री हरि कृपा आश्रम कामां के एक दिवसीय प्रवास के बाद श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी काशीपुर उत्तराखंड में पधारे। श्री महाराज जी ने आज प्रात: नित्य आरती के बाद भगवान श्री हरेश्वर महादेव का पूजन व अभिषेक तथा भगवान श्री दिव्येश्वर महादेव श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर में पूजन व अभिषेक किया।

# पुलिस के इंटेलिजेंस तंत्र को और अधिक मजबूत करने की जरूरत





## राज्यपाल ने कहाः सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सबसे बड़ी कामयाबी होगी



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को एफआरआई, देहरादून में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के समापन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पुलिस विज्ञान कांग्रेस में सभी ने बहुत ही महत्वपूर्ण विषयों पर समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग, संगठित अपराध , नार्कोटिक्स, साईबर सुरक्षा की चुनौतियाँ, प्रभावी सीमा प्रबंधन, भीड़ हिंसा, पुलिस और सी0ए0पी0एफ0 के मध्य समन्वय, जेल प्रबन्धन तथा वी0आई0पी0 सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर गहनतापूर्वक चर्चा की गयी जो, प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में बदलते हुए परिदृश्य के अनुसार पुलिस को अपने इंटेलिजेंस तंत्र को और अधिक मजबूत करना होगा। वर्तमान समय में अपराधी, अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं, उनसे एक कदम आगे बढ़कर अपने आप को तैयार करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग के लिए साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती है, इससे निपटने के लिए पुलिस बलों को साइबर मॉनिटरिंग से संबंधित क्षेत्रों में क्षमता विकास और उन्नयन की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को तकनीकी के साथ-साथ सक्षम माध्यमों से सुसज्जित रहने की आवश्यकता है ताकि अपराधियों से निपटा जा सके।राज्यपाल ने कहा कि पुलिस का कार्य वास्तव में चुनौतीपूर्ण है लेकिन अपनी कार्यकुशलता और सूझबूझ से पुलिस के प्रति लोगों के मध्य बनी गलत धारणाओं को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। पुलिस के अच्छे कार्यों को जनमानस तक पहुंचाना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के इस दौर में विकसित भारत एवं विश्वगुरू भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पुलिस बलों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस पुलिस विज्ञान कांग्रेस में किये गए चिंतन, मनन और चर्चाओं से पुलिसिंग तथा आंतरिक सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त होंगे।राज्यपाल ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े मुद्दे अत्यन्त संवेदनशील हैं। उनके लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सबसे बड़ी कामयाबी होगी इसके लिए व्यापक कदम भी उठाए जाने जरूरी हैं। उन्होंने उत्तराखण्ड पुलिस के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की और कहा कि उत्तराखण्ड में पुलिस को विभिन्न प्रकार की चुनौतियों से निपटना पड़ता है, इस दिशा में उनके कार्य प्रशंसनीय हैं। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस विज्ञान कांग्रेस में लगी पुलिस-टैक प्रदर्शनी का भ्रमण कर अवलोकन किया।इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधू ने कहा कि हमें आधुनिक तकनीकों को अपनाना जरूरी है, बिना आधुनिक तकनीकों के हमारा अस्तित्व नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के 25 सालों में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विकसित देशों की पुलिसिंग द्वारा अपनायी जाने वाली तकनीकों और हमारी तकनीकों के गैप को कम से कम या खत्म करना होगा। उन्होंने देश के अग्रणी शैक्षिक संस्थाओं के साथ मिलकर पुलिस आधुनिकरण हेतु विशेष कार्य योजना बनाए जाने की जरूरत बतायी। महानिदेशक पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो बालाजी श्रीवास्तव ने पुलिस कांग्रेस में दो दिवसीय चर्चाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। डीजीपी अशोक कुमार ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के आईजी रवि जोसेफ लोक्कू सहित विभिन्न राज्यों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# लाखों की ज्वेलरी चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस एवं एस ओ जी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो स्थानों से लाखों की ज्वैलरी चोरी करने वाले शातिर चोर को चोरी के जेवरों सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि 28 जून को वादी कुवंर सिंह चौहान पुत्र गोपाल सिंह चौहान निवासी नूतन कालोनी, हिम्मतपुर तल्ला ने मुकदमा दर्ज कराया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उनके घर पर चोरी की घटना को अन्जाम देकर लाखों रुपए कीमत की ज्वैलरी चोरी कर ली गई है। वहीं एक अन्य घटना में 16 सितंबर को वादी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र किशन सिंह निवासी भगवानपुर रोड, लोहरियासाल तल्ला ने रपट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर पर चोरी की घटना को अन्जाम देकर जेवर चोरी कर लिए गए हैं। उ.नि. गुरविन्दर कौर को मामलों की विवेचना सौंपी गई । उन्होंने बताया कि मामलों के खुलासे के लिए रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित की गयी। टीमों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपियों की सुरागरसी व संदिग्धों से पूछताछ की गयी। तथा घटनास्थलों के आसपास लगे लगभग 100 से 120 सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये। अथक प्रयासों द्वारा पुलिस टीम को अभियुक्त के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण पुख्ता जानकारी मिली जिसके तहत मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को रौले की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी किए गए कुछ जेवर भी बरामद कर लिए गए। पकड़े गए चोर ने अपना नाम पत राजकुमार राठौर पुत्र राम अवतार निवासी राजविहार कालोनी, फेस-2 थाना मुखानी बताया। उसके पास से कुंवर सिंह के घर से चुराए गए एक जोडी झुमके, एक जोडी टाप्स, एक मंगलसूत्र व 3600 रुपये जबकि सुरेंद्र सिंह के घर से चोरी किए एक जोड़ी झुमके, एक जोडी हाथ के कड़े व एक मंगलसूत्र बरामद हुआ। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रमेश सिंह बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी, उ.नि. अनिल कुमार चौकी प्रभारी आम्रपाली, उ.नि. प्रीती चौकी प्रभारी आरटीओ रोड, उ.नि. गुरविंदर कौर, कानि. रविन्द्र खाती, महबूब अली, चन्दन सिंह, उमेश राणा, मनीष उप्रेती व सुनील आगरी तथा एसओजी के प्रभारी उनि. राजवीर सिंह नेगी, हे.कानि. त्रिलोक सिंह, कानि. भानु प्रताप, कोतवाली हल्द्वानी व सीसीटीवी के उ.नि. रविन्द्र राणा, हे.कानि. इसरार नवी सीसीटीवी शामिल थे।





# पत्रकार श्रवण कुमार की पत्नी के निधन पर शोक

गदरपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर क्षेत्र से समाचार पत्र के संपादक श्रवण कुमार की पत्नी के निधन पर मीडिया क्लब गदरपुर के पत्रकारों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । श्रवण कुमार के करीबी मित्र ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रवण कुमार की पत्नी साप्ताहिक समाचार पत्र काशीपुर सामना की संपादक रही है पिछले काफी समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था । लंबी बीमारी के चलते अचानक शनिवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। श्रवण कुमार की पत्नी के निधन की जानकारी मिलते ही मीडिया कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। मीडिया क्लब गदरपुर के अध्यक्ष मुकेश पाल के कार्यालय पर मीडिया क्लब के पत्रकारों ने उनकी आत्मिक शांति एवं पीड़ित परिवार को दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक श्रद्धांजलि दी।शोक व्यक्त करने वालों में मुकेश पाल, राकेश अरोरा,शाहनूर अली, उमर अली, गौरव बत्रा, राजकुमार शर्मा रिंकू, ठाकुर रामपाल सिंह, नितिन छाबड़ा, रिजवान अख्तर, अमित अरोड़ा आदि मौजूद थे।

# रिवाल्वर व नगदी सहित कार से बैग उड़ाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की खड़ी गाड़ी से अज्ञात चोरों बैग चोरी कर लिया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उस बैग में एक लाइसेंसी रिवाल्वर और 20 हजार रुपये की नकदी व महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है।गौड़धरा बिठौरिया नम्बर 1 कालाढूंगी रोड निवासी नीरज मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है बीते दिन उसने अपनी कार कालाढूंगी रोड में ऊंचापुल स्थित भगवती कॉम्पलेक्स के पास खड़ी की और किसी कार्य से चले गये। जब वह वापस आये तो गाड़ी में रखा लैदर का बैग न देख के उनके होश उड़ गये। उनका कहना है कि बैग में लाइसेंसी रिवाल्वर, 20 हजार रुपये नकदी और जरूरी कागजात रखे हुए थे।

# समृद्धि दिवस कार्यक्रम का प्रधान संघ अध्यक्ष ने किया शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत मनाये जा रहे संकल्प सप्ताह के तहत समृद्धि दिवस का आयोजन विकास खण्ड सभागार में आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविन्दर सिंह विर्क ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं/विभागों के द्वारा अधिकारी आर.के.पंत ने विभागीय व सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। रूरल बिजनेस इन्क्यूवेटर (आर.बी.आई.) से आये हेमंत बजेठा, व अनुपम अवस्थी ने विभागीय योजना की जानकारी दी। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आई.आई.एम.) काशीपुर के इन्टर्न छात्रों द्वारा डिजीटल लिटरेसी से संबंधित जानकारी साझा की। रीप परियोजना सभी पटल पे जाकर जानकारी लेने व आर्थिक रूप से समृद्धि अपनाने की जानकारी दी।इस अवसर पर सहायक खण्ड विकास अधिकारी सुभाषिनी, उपकार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अमित मेहरा, बी.एम.एम.शखावत शाह, लेखाकार रीप प्रमोद कांडपाल, ऐरिया कोडिनेटर राधा बठला, रवि आर्या, नदीम,पी.आर.पी. सुनिता पीरामल



समृद्धि दिवस समारोह में प्रतिभाग किया गया,साथ ही स्टाल लगाकर विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे बताया गया। उपस्थित विभागीय अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने जानकारी उपलब्ध कराई । बैक ऑफ बडौदा आर. सेटी. के निदेशक वरूण पंत ने स्वरोजगार संबंधी, जिला सेवायोजन प्रबंधन इकाई के प्रमुख सुरेश चंद ने आजीविका वृद्धि संबंधी जानकारी प्रदान की। जिला उधोग केन्द्र रूद्रपुर के प्रशासनिक अधिकारी रमेश बिष्ट ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी प्रदान की। खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने सभी एन.आर.एल.एम. स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से फाउण्डेशन से शोएब खान,गॉधी फेलो, निशा शर्मा,नेशकॉम फाण्डेशन से सनी कुमार,प्रमोद कुमार,विजय पासी, कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय, हीरा बिष्ट, सोमपाल,राखी,रविन्द्र उपाध्याय, ललित उपाध्याय, प्रीति,किरन, ललिता, सीमा कोरंगा,रेखा कुशवाह आदि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# सब दु:खों के पीछे अपनी करनी जिम्मेवार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से मासिक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सत्संग प्रवचन करते हुए स्वामी नरेंद्रानंद जी ने कहा कि जन्म से मृत्यु तक बचपन से बुढ़ापे तक एक दौड़ निरंतर चलती है किसी भी वस्तु की प्राप्ति हो जाए। एक बेचैनी सी रहती है सदैव इंसान के मानस पटल पर पर सुख की तलाश में वह बहुत दूर चला जाता है किसी और ही दिशा में चला जाता है किसी और ही उलझन को बुनता चला जाता है और धीरे-धीरे यही क्योंकि आज प्रत्येक मानव के साथ यही प्रतीत हो रहा है। इसका कारण और निवारण हमें तुलसीदास जी द्वारा रचित ज्ञान दीपक प्रसंग से स्पष्ट होता है। वह इस प्रसंग में लिखते हैं कि अगर एक मनुष्य अंधेरे कमरे में एक गांठ सुलझाना



और वह है सुख को पाने की। मानवीय दशा अत्यंत दुखद है उसकी दुख की कहानी क्या है?हम सबके पीछे अपनी करनी जिम्मेदार है। अज्ञानता का शिकार व्यक्ति पूरा जीवन क्या करता है। एक-एक सुख के तिनके को इकट्ठा करता है। सारी शक्ति और कीमती समय सुख के लिए खर्च करता है कहीं से भी जाल इतना विशाल हो जाता है कि उसका कोई छोर दिखाई नहीं देता। सुख के तिनके की लालसा उसकी जीवन में ढेरों दुखों को निमंत्रण देता है। परंतु कैसा आश्चर्य है पाने की आकांक्षा कुछ और थी परंतु प्राप्ति कुछ और की हो जाती है। आखिर इसके पीछे कारण क्या है इसका कारण अवश्य ही जानकर सूझ बूझ से काम लेना होगा चाहे तो क्या होगा वह उस गांठ को सुलझाने की बजाय उसे और अधिक उलझा लेगा वह उसे अंधकार में कभी भी सुलझा नहीं पाएगा परंतु यदि उस कमरे में दीपक जला लिया जाए तो दीपक की रोशनी में मनुष्य गांठ को जल्दी सुलझा सकता है। सत्संग प्रवचन के साथ-साथ सुमधुर भजनों का गायन भी किया गया।

# नगला उजाड़ने की याचिका डालने वाला कांग्रेस के नेताओं का करीबी: शुक्ला

## नगला बचाओ कमेटी के धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक ने किया उजाड़ने का विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)।नगला बचाओ कमेटी के धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है नगला के तीनों पक्षों वन विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं तराई स्टेट फॉर्म के विभिन्न दावों का नगलानिवासियों द्वारा जिला कोर्ट एवं एसडीएम कोर्ट में वाद दायर किया है जिसकी सुनवाई चल रही है ऐसे में उच्च न्यायालय में स्थानीय कांग्रेसी नेताओं के एक करीबी ने इन्हें उजाड़ने के लिए याचिका दायर कर दी। विभागों द्वारा सही तथ्य न्यायालय में नहीं पेश करने की वजह से नगलावासियों को उजड़ने का भय सता रहा है। उक्त मामले का प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी संज्ञान लिया एवं अतिरिक्त वकील



को कोर्ट में खड़ा होने के लिए शासन ने नामित किया जिससे कि सही तथ्य उच्च न्यायालय में पहुंच सके एवं नगला वासियों को उजड़ने से बचाया जा सके। कहा कि नगला में पूर्व सैनिक, राज्य आंदोलनकारी एवं बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं जो भारतीय जनता पार्टी के कट्टर वोटर हैं इसी वजह से स्थानिक कांग्रेसी नेताओं ने अपने मिलने वालों से याचिका दायर कराकर नगला को उजाड़ने का षड्यंत्र रचा है लेकिन मेरे साथ ही प्रदेश सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी नगलावासीयो के साथ खड़ी है और किसी भी दशा में नगला को ऊजरने नहीं दिया जाएगा। धरना स्थल पर महेंद्र बाल्मीकि, रामू बिष्ट, पप्पी बिष्ट, सुनील रोहिल्ला, दनुज यादव, लक्ष्मण थापा, सचिन शर्मा, अनिल रावत, शेर सिंह, विदेशी प्रसाद, घनश्याम यादव, संजय यादव, भगवान सिंह रावत, शिव शंकर यादव, अनिल रावत, मथुरा दत्त पांडे, देवेंद्र कुमार, संजय, हीरा सिंह, सुनील कुमार, माता दिन, मोहित, गोविंद, पुष्पा लोहनी, पीतांबर, निर्मला रावत, मानव देवी, कालिका देवी, गेंदा देवी, रेखा, आरती, अंजू, हेमा, विमला, कुसुम, शशि, मुकेश, हीरा देवी, पुष्कर, देवकी देवी, भगवान दास, मंजू नेगी समेत सैकड़ो नगलावासी उपस्थित थे।

# प्रशासन ने 2010 से चल रहे अवैध मदरसे को किया सील

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल में अवैध मदरसे की शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर जाकर मदरसे का निरिक्षण किया। नैनीताल जिले के ज्योलीकोट वीरभट्टी में 2010 से अवैध मदरसे चलाया जा रहा था। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना को इसकी शिकायत मिली थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट और तहसीलदार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मदरसे में कुल 24 बच्चे रह रहे थे। जो सभी बीमार पाए गए। मौके पर चेकिंग करने पहुंची सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह का कहना है कि मदरसे



में चेकिंग अभियान चलाकर कमरों में सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। निरिक्षण में पाया गया कि यहां बच्चे बीमार पड़े हुए हैं। न ही बच्चों के लिए पीने के साफ पानी की व्यवस्था है और न ही यहां पर रहने की सही व्यवस्था है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया की जिन कमरों में बच्चे रहते हैं। वहां भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। अनियमितता पाए जाने के बाद मदरसे को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी बच्चों के परिजनों को बुलाकर उन्हें घर भेजा जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने इकनूर सिंह को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।अमृतसर स्थित, स्वर्ण मंदिर गुरुद्वारा साहिब में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा रुद्रपुर निवासी इकनूर सिंह से हुई मुलाकात और विशेष रूप से इकनूर सिंह के साथ गुरुद्वारा अमृतसर साहिब में की गई कार सेवा के बाद एक बार इकनूर सिंह पूरे देश में चर्चा का केंद्र बन गए हैं। पूर्व मंत्री तिलक राज बेहड़ सहित पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सचिन मुंजाल, महिला कांग्रेस नेत्री शर्मिला सिरोही, डॉक्टर एव केव सिरोही, समाजसेवी रेनू अरोरा, व्यापारी नेता बलवंत सिंह बल्लू, प्रांजल गाबा, गौरव बेहड़ आदि ने मलिक कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचकर इकनूर सिंह को बधाई दी,और इकनूर को फूलमालाओं से लाद कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर इकनूर के परिजनों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



# बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में एसपी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर व बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 150 से अधिक



खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शरद जोशी, स्टेडियम के बैडमिंटन कोच गोविंद परिहार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता का शुभारंभ मंडी परिषद की निदेशक विमल बिष्ट,डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश व पूर्व राज्य दर्जा मंत्री हरीश पनेरु द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 12 बालक वर्ग में हर्षित पांडे प्रथम, अश्मित आर्य द्वितीय, तन्मय एवं सत्यम को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 12 बालिका वर्ग में शिवांशी प्रथम, तनिष्का द्वितीय, समर्थ प्रीत एवं नमिता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। अंडर 15 बालक वर्ग में प्रभा कार्की प्रथम, रुद्राक्ष द्वितीय, विनय एवं तेजस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 15 बालिका वर्ग में मानसी प्रथम, एकांतिक द्वितीय, अनिका एवं शिवि को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ओपन डबल्स में सुजल एवं दीपक प्रथम, द्वितीय स्थान दर्शन एवं प्रशांत तथा तृतीय स्थान करन एकलव्य एवं प्रियांशु विनय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। बालिका ओपन वर्ग में दृष्टि प्रथम,मीनू द्वितीय, सानू नेगी तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर मनोज पांडे, अमन अरोरा, करण सिंह , नीतीश कुमार, प्रकाश कार्की आदि उपस्थित रहे।




## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### भारतीय खिलाड़ियों की क्षमता

इस वर्ष चीन में हांगझाउ एशियाई खेलों में भारत की ओर से अलग-अलग खेलों के लिए जब टीमों को भेजा जा रहा था, उस समय यह संकल्प साफ दिख रहा था कि अब मैदान में सिर्फ जीतने के लिए नहीं, बल्कि उससे आगे के सफर के लिए जमीन बनाने की कोशिश होगी। इस आयोजन की समाप्ति के बाद पदक तालिका में भारत को जो जगह मिली, वह उम्मीद के अनुरूप थी, लेकिन उससे अहम बात यह है कि लगभग सभी प्रतियोगिताओं में हमारे खिलाड़ियों ने जो दमखम दिखाया, वह भविष्य की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में एक मजबूत दखल का संकेत देता है।गौरतलब है कि एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों को रवाना करने से पहले ही 'इस बार सौ पार' का नारा दिया गया था। उस नारे में छिपे हौसले और उम्मीद को भारतीय खिलाड़ियों ने पूरा करके अपनी क्षमता साबित की। एशियाई खेल 2023 में भारत ने कुल एक सौ सात पदक जीते। यह पहली बार है जब भारत ने किसी एशियाई खेल में इतने पदक हासिल किए। इससे पहले भारत का सबसे अच्छा प्रदर्शन सत्तर पदकों का था, जो 2018 में जीते गए थे।इस वर्ष उपलब्धियों की शुरुआत निशानेबाजी में महिलाओं की दस मीटर एअर राइफल टीम ने की, जिसे रजत पदक मिला। पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने पांच पदक जीते। एक अच्छी शुरुआत को और बेहतर करते हुए दूसरे दिन एअर राइफल में ही पुरुष टीम ने पहला स्वर्ण पदक जीता और इस दिन भारत के पदकों की संख्या ग्यारह हो गई। इसके बाद अन्य खेलों में भी भारत के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किए और मैदान में जीत दर्ज करते गए। घुड़सवारी, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, टेनिस, स्क्वैश, नौकायन, भाला फेंक, एथलेटिक्स आदि कई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने मजबूत चुनौतियों का सामना करते हुए कांस्य, रजत और स्वर्ण पदक अपने हिस्से किया और इस तरह पदकों की तालिका में देश को एक सम्मानजनक पायदान पर पहुंचाया।इस बार खासतौर पर भारत की पुरुष हाकी पर सबकी नजर थी, जिसके सामने कई मजबूत टीमों की चुनौती थी। फाइनल में जापान को भारतीय जीत की राह में एक ठोस दीवार माना जा रहा था। मगर भारतीय हाकी टीम ने इस प्रतियोगिता में अपने दमखम की निरंतरता को कायम रखा और फाइनल में जापान को एक के मुकाबले पांच गोल से हरा कर चौथी बार खिताब अपने नाम किया। हालांकि इससे पहले भी भारत ने तीन बार एशियाई खेलों में हाकी का स्वर्ण पदक जीता था। खासतौर पर हाकी के लिहाज से देखें तो ताजा उपलब्धि के साथ भारत ने अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने का अधिकार हासिल कर लिया है। गौरतलब है कि अगर किसी वजह से भारत स्वर्ण पदक का खिताब नहीं जीत पाता तो उसे ओलंपिक में शामिल होने के लिए कई स्तर के क्वालिफाइंग दौर की मुश्किल राह को पार करना पड़ता। इसके अलावा, इस आयोजन में भारत की महिला क्रिकेट टीम का स्वर्ण पदक जीतना इस दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है कि अब क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वैश्विक खेल का आयाम हासिल करने में मदद मिलेगी। हांगझाउ एशियाई खेलों में भारत ने जो इतिहास रचा, वह इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब भारतीय खिलाड़ियों को महज औपचारिक उपस्थिति से आगे एक चुनौती की तरह देखा जाएगा। इसके बाद स्वाभाविक ही आगामी ओलंपिक में यह उम्मीद ज्यादा ऊंचे स्तर पर होगी कि हमारे खिलाड़ी उसमें भी एशियाई खेलों की चमक को बरकरार रखेंगे और इससे बेहतर उपलब्धियां देश के नाम करेंगे।

# पुलिस ने किया गुरुद्वारों में हुई चोरियों का खुलासा, नगदी समेत एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरूद्वारों में दान पात्र से नगदी चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक शातिर चोर को चुरायी नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 29सितम्बर को मंगल सिंह, 1 अक्टूबर को क्रमश लेखराज पुत्र मालाराम निवासी अब्दुल्ला नगर थाना गदरपुर, पौरुष पुत्र स्व चन्द्रपाल निवासी ग्राम बरेलीनगर नं0 02 गदरपुर ने गदरपुर थाने में तहरीर देकर कहा था कि ग्राम मझरामरदान, अब्दुल्लानगर तथा बरेलीनगर न0 2 के गुरुद्वारों में अज्ञात चोर द्वारा गुरुद्वारे की गुल्लको की धनराशि चोरी कर ली गयी। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना धार्मिक चोरी से संबन्धित होने के कारण उक्त घटना के शीघ्र अनावरण तथा अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीमों का गठन किया गया। थानाध्यक्ष राजेश पाण्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना स्थल को आने जाने वाले



रास्तो पर लगभग 100 सीसीटीवी कैमरो को चैक कर संदिग्धों की पहचान की।टीम ने मुखबिर की सूचना पर रूपपुर तिराहे पर चैकिंग के दौरान माजरा विधि से एक मोटर साईकिल में आते हुए दिखाई दी जिसे रोककर चेक किया गया तो मोटरसाइकिल कि आगे की नंबर प्लेट आधी टूटी हुई थी। मोटरसाइकिल का इंडिकेटर टूटा हुआ था। वह पीछे की नंबर प्लेट नहीं थी। यह बाईक अब्दुल्ला नगर गुरुद्वारे से ली गई सीसीटीवी फुटेज से मेल खा रही थी। संदिग्ध प्रतीत होने पर इस व्यक्ति का नाम पता पूछा तो इसने अपना नाम सुखविंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय हरवेल सिंह निवासी ग्राम तोता बेरिया थाना केलाखेड़ा जिला उधम सिंह नगर बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया गया कि एक दो हफ्ते पहले उसने अब्दुल्ला नगर, माजरा मर्दान, व बरेली नगर नंबर 02 के गुरुद्वारों में चोरी की थी। सब्बल के प्रयोग से गुरुद्वारे के दरवाजे को तोड़कर चोरी की थी चोरी के माल को ले जाने के लिए इसी मोटर साइकिल का प्रयोग करता है। अभियुक्त द्वारा यह भी बताया कि उसने गुरुद्वारों से चोरी के रुपए व सिलेंडर अपने घर के पास ही छुपा रखे हैं जब अभियुक्त की तलाशी ली गई तो इसके पास से 50 के दो नोट 20 के दो नोट एक नोट 10 रूपय का। तथा एक मोबाइल फोन वीवो कंपनी का बरामद हुआ।

## देवभूमि रक्षा मंच ने फूंका सरकार का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एमडीडीए देहरादून के ईडब्ल्यूएस फ्लैट में अवैध रूप से संचालित मस्जिद मदरसे को संरक्षण देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने की मांग को



लेकर देवभूमि रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने इंदिरा चौक पर प्रदर्शन कर प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस प्रकरण में विभिन्न सामाजिक, गैर राजनैतिक संगठनों द्वारा 31 जुलाई से जिलाधिकारी देहरादून एमडीडीए सचिवालय मुख्य सचिव मुख्यमंत्री आवास का घेराव और पुतला दहन विरोध प्रदर्शन कर अधिकारियों को निलंबित कर उक्त प्रकरण में उनकी संलिप्तता की जांच की मांग की जा रही है लेकिन उक्त मामले में जिम्मेवार अधिकारियों को बचाते हुए केवल खानापूर्ति कर उक्त परिसर को सील करने की इतिश्री कर दी गयी। अभी तक न तो अधिकारियों का निलंबन किया गया और न ही उक्त स्थल का आवंटन रद्द किया गया। हिंदुओं के पलायन एवं राज्य को गंभीर आंतरिक सुरक्षा के खतरे को सरकार आंख मूदकर समर्थन कर रही है जो कि चिंताजनक है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 13 अक्टूबर तक पूरे प्रांत में सरकार का पुतला दहन कने के पश्चात 15 अक्टूबर को प्रथम नवरात्र से 'जनता की गुहार-हो भ्रष्टाचार पर वार-चलो मोदी के द्वार' नाम से व्यापक जनजागरण अभियान चलाकर जनता को जागरूक किया जाएगा और विभिन्न माध्यमों से प्रधानमंत्री मोदी तक आवाज पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। पुतला फूंकने वालों में संजू राठौर, हिमांशु, सुमित, हर्ष, नेमंत कुमार, विकास, सोनू, अमन, सोबित यादव, करन, योगेश, अनुराग, अतुल, मुकुल सक्स्ेना, राधे सनातनी, चन्द्रपाल मौर्य आदि शामिल थे।

## प्रदेश के छह जिलों में डेंगू के 59 और मरीज मिले

देहरादून। इस साल एडीज मच्छर फिर सिस्टम पर भारी पड़ रहा है। इस सीजन में अब तक राज्य में डेंगू के 3,167 मामले मिल चुके हैं। इनमें से 2,873 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में डेंगू के 278 मामले सक्रिय हैं। डेंगू से अब तक 16 मरीजों की मौत भी हो चुकी है। यह पांच साल में डेंगू से हुई सर्वाधिक मौत हैं। इनमें 13 मरीजों की मौत देहरादून और तीन की नैनीताल जनपद में हुई है। देहरादून और पौड़ी डेंगू से सबसे अधिक प्रभावित जिले हैं। रविवार को 59 नए मामले रविवार को प्रदेश के छह जिलों में डेंगू के 59 नए मरीज मिले। पौड़ी और बागेश्वर में सबसे अधिक 17-17 लोग डेंगू की चपेट में आए हैं। इसके अलावा नैनीताल में 11, देहरादून में छह, हरिद्वार में पांच और ऊधमसिंह नगर में तीन लोगों को डेंगू का डंक लगा है। रविवार को भी डेंगू से किसी मरीज की मौत नहीं हुई।

# हरदा ने परोसे पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन

**पूर्व सीएम हरीश रावत ने किया उत्तराखंडी जलपान सहभोज कार्यक्रम का आयोजन**
**झंगोरे की खीर,जलेबी, पकौड़े, मंडुवे की रोटी, पहाड़ी ककड़ी का रायता परोसा**






देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड के व्यंजनों को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने के लिए जरूरी है कि पहाड़ के लोग स्वयं खाएं और दूसरे को भी परोसें। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास का ही नतीजा रहा है कि आज मंडुवे और झंगोरे के व्यंजनों की पहचान पूरे देश में हो गई है। यह बात उन्होंने स्वयं आयोजित उत्तराखंडी जलपान सहभोज कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। बीते शनिवार को रिंग रोड स्थित संस्कार गार्डन में आयोजित सहभोज जलपान कार्यक्रम में कांग्रेसियों और सामाजिक वर्गो से जुड़े लोगो ने पहाड़ी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। पूर्व सीएम हरीश रावत ने स्वयं सहभोज में उत्तराखंड के पारंपरिक लजीज व्यंजन झंगोरे की खीर,जलेबी, पकौड़े, मंडुवे की रोटी, पहाड़ी ककड़ी का रायता आदि परोसे गए। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान सबसे पहले पहाड़ी पारंपरिक व्यंजनों को देश-विदेश में पहचान दिलाने का बड़े स्तर पर बीड़ा उठाया था, जिसमें सफलता भी प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि पहाड़ी व्यंजन हमारी पहचान हैं। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस वर्ष को मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया जो एक सार्थक पहल है। लेकिन, सरकार को इस दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ना चाहिए। पूर्व सीएम हरदा ने कहा कि उत्तराखंड में देश विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक और अन्य कारोबारी आ रहे है। चारधाम यात्रा के दौरान तो ढाबों में साउथ का इडली ढोसा और पंजाब का छोला भटूरे भी खूब बिकते रहे । मगर हमारे स्थानीय व्यंजनों में कोई एक पकवान बाजार में फेमस होना चाहिये। हमारे स्थानीय व्यंजनों और उत्पादों को बढ़वा देने के लिये लघु कुटीर उद्योगों विकसित करने चाहिये। साथ ही शहरों व हिल स्टेशनों के बाजारों में आउटलेटस के लिये व्यपक कार्ययोजना भी तैयार करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास के लिये कारपोरेट वर्ग को यहा स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है।

# दुनिया की व्यंजनों की थाली में हो मेरे उत्तराखंड का कोई न कोई पकवान

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पहाड़ वासियों से उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों और व्यंजनों का भरपूर उपयोग करने का आह्वान करते हुए सोशल मीडिया पर फेसकबुक पोस्ट में अपने महत्वपूर्ण सूझाव भी व्यक्त किये है। उन्होंने के शहरों में रोजगार और नौकरी के लिये अपने गांव छोड़कर गये हुए लोगों के लिये अपने संदेश में लिखा है कि मैं झंगोरे की खीर या काकड़ी की बात यूं ही किसी राजनीतिक शौक के लिए नहीं कहता हूं। इसके पीछे माइक्रो इकोनॉमिक्स है। आप कल्पना करिये, यदि एक गांव का कृषक 5000 के भुजैले, 5000 के कद्दू, 5000 की काकड़ी, 5000 की गेठी और 5000 के नींबू, कुछ जखिया, गंदरायणी, भंगीरा या ऐसे ही छोटे-छोटे उत्पादों से कमा सकें और उसके साथ कुछ ऐसा उसी खेत में छोटी सी पूंजी के साथ उसको कमाने लायक कुछ काम दे दिया जाए तो एक-एक कमरे में चार-चार लोग रहते हैं, फैक्ट्री में 10-10, 12-12 हजार रुपया उनको तनख्वाएं मिल रही हैं उसके लिए लोग क्यों भाग-भाग करके अपने गांवों को छोड़ेंगे ! मैं इसलिए यदि गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाने की बात करता हूं तो मैं गुड का भी प्रचार करता हूं, अब तो मैं गन्ने के रस का भी प्रचार शुरू कर दिया है। हम बड़ी-बड़ी बातों से नहीं, बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था को छोटी-छोटी इन पहलों से संवार सकते हैं और सौभाग्य से हमारे पास अपने ही उत्तराखंड के अंदर यदि उत्पादक है तो इसकी खपत, इसकी चहेता भी मौजूद है। हमारे जो गांवों से निकल कर के शहरों में भाई-बंधु आ गए हैं, हमें उनको केवल उनके लगाऊ की याद दिलानी है और झंगोरे की खीर तो प्रतीक है। हमारी घर-घर की अन्नपूर्णाएं अद्भुत व्यंजन तैयार करती हैं और दुनिया के अंदर व्यंजन मतलब खाने की चीजें, का एक बहुत बड़ा मार्केट है, इसके साथ बड़े पैमाने पर रोजगार जुड़ा हुआ है और उत्तराखंड का दखल इसमें केवल कुछ होटलों में काम करने वाले सैफ से लेकर के हमारे जो नौजवान काम करते हैं, उन तक सीमित हैं। मैं उत्तराखंडी व्यंजनों की जागर लगाता हूं। क्योंकि मैं चाहता हूं कि चाहे 10 साल लगें, मगर एक समय ऐसा आये कि ये दुनिया की व्यंजनों की थाली में मेरे उत्तराखंड का कोई न कोई पकवान हो। चाहे उसके लिए हम सबको एक प्रचारक के रूप में अपने को क्यों न आगे लाना पड़े, हमको लाना चाहिए। खैर कुछ दिनों बाद आपसे नींबू सन्नी के साथ भेंट करूंगा।



# जय श्री राम के नारों से किया सीएम योगी का स्वागत







## ❑सीएम योगी ने केदारनाथ धाम में रुद्राभिषेक कर नंदी की प्रतिमा का किया श्रंगार,तीर्थ पुरोहितों की की भेंट
## ❑त्रासदी के बाद भव्य होता जा रहा केदारपुरी का स्वरुप, श्रद्धा का उमड़ता जन सैलाब नये भारत की तस्वीर

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता) मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को श्री केदारनाथ धाम पहुँच कर बाबा केदार के दर्शन एवं रुद्राभिषेक किया। उन्होंने भगवान केदारनाथ से विश्व में सुख समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करते हुए बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके भ्रमण कार्यक्रम के दौरान केदारपुर में लगातार जय श्री राम एवं हर-हर महादेव के नारे लगते रहे। जहां से भी मुख्यमंत्री योगी गुजरते वहां उनके अभिवादन को खड़े श्रद्धालु जयकारे लगाते रहे, जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी श्रद्धालुओं का अभिवादन कर जय श्री राम एवं जय बाबा केदार के जयकारे लगाए। रविवार को करीब दस बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केदारनाथ हैलीपैड पर पहुचे जहाँ केदारनाथ हैलीपैड पर उनका स्वागत बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग भाजपा जिला अध्यक्ष, केदार सभा, तीर्थ पुरोहित समाज, जिलाधिकारी डॉ0 सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ0 विशाखा अशोक भदाणे सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्प भेंट कर किया। वहीं पुरोहित समाज ने परम्परागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। यहाँ पर तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी बीकेटीसी हट में मुख्य पुजारी शिवलिंग से मिले। पुजारी एवं अन्य तीर्थ पुरोहितों से भेंट के बाद तीर्थ पुरोहित समाज दंड की अगुआई में उन्हें मंदिर तक ले गए, यहाँ उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर विश्व में सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना की। करीब पौने घंटे चली पूजा के दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक कर विशेष गो मुखी शृंघी से दूध एवं जल भी चढ़ाया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने बाहर आकर नंदी की पूजा की एवं शॉल चढ़ाया। यहाँ मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं के बीच बाबा केदारनाथ के नारे लगाने के बाद उन्होंने केदार सभा समेत अन्य तीर्थ पुरोहितों से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ धाम एवं बदरीनाथ धाम के दर्शनों का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। दोनों धामों में भव्य निर्माण कार्य चल रहा है। दुनियाभर में रहने वाले सनातन धर्म के अनुयायी दोनों धामों के दर्शन एवं आशीर्वाद की कामना रखते हैं। 2013 में आयी त्रासदी के कारण केदार पुरी में हुए नुकसान से सभी प्रभावित हुए लेकिन स्थानीय लोगों के दृढ़ संकल्प एवं मोदी जी के निर्देशन में केदारनाथ का स्वरुप भव्य होता जा रहा है। दोनों धाम नई आभा के साथ विश्व में अपनी पहचान बना रहे हैं, विरासत के प्रति हमारे लोगों का सम्मान यही है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु दोनों धामों के दर्शन करने आ रहे हैं यह नए भविष्य की तस्वीर भी है। श्रद्धा का उमड़ता हुआ जन सैलाब नए भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत कराता है। जिसमें दृष्टि भी है दूरदर्शिता भी है, इसमें पर्यटन भी है और श्रद्धालुओं की जन आस्था का सैलाब भी है। इन सब को समेटे हुए केदार पुरी का नव निर्माण बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है। हमारे यह तीर्थ स्थल राष्ट्रीय एकात्मता का प्रतीक हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं, तीर्थ पुरोहितों, सुरक्षा एजेंसियों एवं व्यवस्थाओं से जुड़े हुए सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर एडीएम बीर सिंह बुदियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी केडीए योगेन्द्र सिंह, सीओ विमल रावत, कार्यकारी अधिकारी आरसी तिवारी, इंचार्ज सीएम सुरक्षा जगमोहन सिंह बिष्ट, डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार गोपाल चौहान, डीसी एनएसजी मानवेंद्र, चौकी प्रभारी केदारनाथ मंजुल रावत सहित अन्य तीर्थ पुरोहित, अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**नगर निगम बोर्ड की बैठक में ...** साथ ही पार्षदों की मांग पर 15 किमी सड़कों को हॉट मिक्स करने का टैंडर जल्द निकालने पर भी सहमति बनी। मेयर रामपाल ने बोर्ड बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में बाधक बनने वालों के मंसूबे नाकाम हो गये है। बोर्ड की बैठक में पुनः प्रस्ताव पारित होने से अब शहर में कई विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में जो प्रस्ताव पारित किये गये थे उनमें सभी चालीस वार्डों के पार्षदों से प्रस्ताव लेकर उन्हें पारित किया गया था। इस बीच भाजपा के पार्षद जहां मेयर की तारीफ करते नजर आये तो वहीं कांग्रेस पार्षदों ने कुछ मुद्दों को लेकर हंगामा भी किया। इस दौरान पारित किये गये प्रस्तावों में नगर निगम रूद्रपुर के नवनिर्मित भवन हेतु आवश्यकतानुसार फर्नीचर क्रय करने, प्रकाश व्यवस्था,पंखे, ए.सी. की व्यवस्था करने की स्वीकृति एवं उस पर होने आने वाले व्यय की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति पर विचार किया गया और प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में में वीरेन्द्र सिंह सांमती मार्ग का निर्माण किये जाने, ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में दान पात्र की भूमि पर गृहकर लगाने, महिलाओ के लिए पिंक टायलेट बनाने, पीआरडी जवान रखे जाने, शमशान घाटों का सौंदर्यीकरण, अटरिया नाला कवरीकरण, कूड़ा कलेक्शन का पैसा सफाई व्यवस्था में खर्च करने, वार्ड तीन से चार एवं सात तक जाने वाले नाले का चौड़ीकरण, समस्त वार्डों में पार्कों का सौंदर्यीकरण, वार्ड 17 संतोषी माता मंदिर द्वार का निर्माण, वार्ड नं. 13 में कब्रिस्तान का सौंदर्यीकरण, समस्त वार्डों में निर्माणकार्य पूर्ण होने के बाद शिलापट नहीं लगाए जाने पर प्रभारी अधिशासी अधिकारी गजेंद्र पाल कार्यवाही की चेतावनी समस्त वार्डों में तली झाड़ सफाई, वार्ड 29 में प्राचीन शिव मंदिर के पास पार्क बनाने, जिन वार्डो में अमृत योजना नहीं है उन समस्त वार्डों में चालीस नल एवं 60 रिबोर किये जाने, राज्य आंदोलनकारियों का गृहकर माफ करने, बृहस्पति देव मंदिर का सौंदयर्सीकरण, मोहल्ला स्वच्छता समिति को पुनः सक्रिय करने, वार्ड नं. 36 से कूडेदान हटाने, वार्ड 37 में रविन्द्र नाथ टैगोर द्वार का निर्माण, रविन्द्रनाथ टैगोर पार्क का सौंदर्यीकरण, हाई मास्क लाईटों को आवश्यकतानुसार लगाए जाने, फौजी मटकोटा में फौजी द्वार, ड्रेनेज को अवरूद्ध करने वाले अतिक्रमण को शीघ्र हटाने जाने, वार्ड नं. 30 प्रेस क्लब भवन के सौंदर्यीकरण, बहुद्देशीय कर्मचारियों को 3 हजार रूपये प्रोत्साहन भत्ता, वर्तमान बोर्ड की ग्रुप फोटो फ्रेमिंग करके बोर्ड सभागार में लगाने, विज्ञापन के अनुबन्ध गठन हेतु एक माह का अतिरिक्त समय दिये जाने की ,ओ.बी.सी. सर्वेक्षण हेतु लगाई गई आंगनवाडी कार्यकर्तियों को 5 रूपये प्रति परिवार की दर से मानदेय दिये जाने,नगर निगम क्षेत्रन्तर्गत परफेटी कम्पनी द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत बनाये जाने वाले 2 एन आर एफ सेन्टर हेतु आवश्यक उपकरण क्रय किए जाने एवं उक्त एम आर एफ सेन्टर के संचालन हेतु ई. निविदा के माध्यम से किसी फर्म/संस्था का चयन करने अथवा आवश्यकतानुसार स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराये जाने ,नगर निगम क्षेत्रन्तर्गत पहाडगंज ट्रंचिंग ग्राउण्ड स्थित एम. आर. एफ. सेन्टर के संचालन हेतु ई.निविदा के माध्यम से किसी फर्म / संस्था का चयन करने सहित अन्य प्रस्ताव पारित हुए। इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, वरिष्ठ वित्त अधिकारी जुबक मोहन सक्सेना, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, प्रभारी अधिशासी अधिकारी सौरभ कुमार, सुरेश गौरी, राजेन्द्र निषाद,विधान राय, सुशील मण्डल,निमित्त शर्मा, प्रीती साना, निमित शर्मा, कैलाश राठौर मोहन कुमार, किरण राठौर, बबीता बैरागी, सीमा गुप्ता, जितेन्द्र यादव, प्रमोद शर्मा,मोहम्मद अशफाक,शालू पाल,सुनील कुमार,रजनी रावत, सुशील यादव,सुनीता मुंजाल, इलमा समरीन, मोहन खेड़ा, सुशील चौहान, अंबर सिंह श्यामली विश्वास, रीना जग्गा, रंजीत सागर, बबलू सागर, रमेश कलरा, सुनील यादव, बलाई विश्वास, राजकुमार कोली, मयंक कक्कड़, सुनील यादव आदि उपस्थित रहे।

**साईबर ठगों के जाल में फंसे...**ने लिंक पर एक टास्क करवाने पर 2000 की राशि 2800 रुपये हो गई। उसके बाद एक और वेलफेयर ग्रुप टास्क दिया गया जिसके लिए उसने बिजनेस मैनेजर द्वारा दिए गए अकाउंट में 5000 रुपये ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से जमा करवाये। उसके बाद टेलीग्राम लिंक (आकाश मेहरा टीचर )से चैट करने को बोला गया। टीचर 5000 रूपये टीम वेलफेयर टास्क नामक ग्रुप में ऐड किया। फिर से टीचर द्वारा लिंक पे टास्क करवा गया जिसके बाद लिंक पर 5000 रूपये की राशि 6800 रूपये हो गई। ग्रुप में ये बोला गया की अधिकतम 4 टास्क करने के बाद पैसा वापस निकलेगा। उसके बाद टीचर ने 50000 रूपये रुपये की राशि का रिचार्ज दलेम लिंक में कारवाने को कहा। जिसके बाद प्रार्थी ने बिजनेस मैनेजर द्वारा दिए गए अकाउंट में 50000 रुपये यूपीआई के माध्यम से जमा करवाये फिर से टीचर द्वारा लिंक पे टास्क करवा गया जिसके बाद लिंक पर टास्क पूरा होने के बाद राशि अब 81800रूपये हो गई। ऐसा ही फिर एक और 90000 रुपये प्रार्थी ने बिजनेस मैनेजर द्वारा दिए गए अकाउंट में 6 जुलाई को ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से जमा करवाये। उसके बाद टीचर द्वारा लिंक पे टास्क करवा गया जिसके बाद लिंक पर टास्क पूरा होने के बाद राशि अब 216800 रूपये हो गई। उसके बाद टीचर ने 150000 रुपये की राशि का रिचार्ज दलेम लिंक में करवाने को कहा, जिस पर उसने बिजनेस मैनेजर को कहा कि उसके पास इतनी धन राशि नहीं है। जिस पर बिजनेस मैनेजर ने कहा कि वह 60000 रूपये का रिचार्ज दलेम लिंक पे ट्रांसफर करेगी जिसकी मंजूरी देते हुए प्रार्थी ने बाकी शेष 90000 रूपये की राशि बिजनेस मैनेजर द्वारा दिए गए अकाउंट में यूपीआई के माध्यम से जमा करवाये। फिर से टीचर द्वारा लिंक पे टास्क करवा गया जिसके बाद लिंक पर टास्क पूरा होने के बाद राशि अब 366800 रूपये हो गई। अब अधिकतम 4 टास्क पुरे हो चुके थे। लेकिन फिर से टीचर विदड्रॉअल टास्क करने को कहा गया। विदड्रॉअल टास्क रिचार्ज राशि 250000 रूपये थी जिस पर बिजनेस मैनेजर फिर से कहा कि वह 100000 रूपये रिचार्ज दलेम लिंक पे ट्रांसफर करेगी अपनी धनराशि को वापस पाने के लिए उसने बिजनेस मैनेजर की बातों पर भरोसा कर लिया और फिर से बिजनेस मैनेजर द्वारा दिए गए अकाउंट में शेष 150000 रूपये की राशि ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा दिये । फिर से टीचर द्वारा लिंक पे टास्क करवा गया जिसके बाद लिंक पर टास्क पूरा होने के बाद राशि अब 816800 रूपये हो गई। जिसके बाद टीचर द्वारा विदड्रॉअल कोड दीपा गया और एक टेलीग्राम संपर्क लिंक (हर्षिता फाइनेंस फाइनेंस मैनेजर) से सम्पर्क करने को कहा। फाइनेंस मैनेजर से संपर्क बताया गया न्यूनतम 1500000 रूपये की धन राशि ही निकाली जा सकती शेष 683200 रूपये जमा करवाने को कहा। जिस पर उसने ऐतराज किया तो यही कहा गया शेष 683200 रूपये जमा करवाने पर ही धन राशि निकाली जा सकती और उसे कोई धन राशि नही दी गयी। जिन अकाउंट में बिजनेस मैनेजर द्वारा पर कहने रूपए भेजे गए और वापिस नहीं किये गए। कुल 385000 रू भेजे गए और वापिस नहीं किये। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**विदेश भेजने के नाम पर .....**वीजा देकर विदेश भेजने का कार्य करते है और वहाँ पर लोगों की मोटी सैलरी पर अच्छी नौकरी लगवाते है। तुमको दुबई भेज देते है और वहाँ पर तुमको लगभग 80 हजार से 1 लाख रूपये सैलरी व फ्री खाना पीना मिलेगा। मिथुन उसको अपने आफिस लाया वहाँ अपने भाई राजू हलदार, पिता सुनील हलदार, सतपाल सिह व गुरवाज सिह जिसे अपना पार्टनर बताया से मुलाकात करवायी। उन्होंने कहा विदेश में नौकरी लगवाने में लगभग 2 से ढाई लाख रूपये का खर्चा आता है। एक सुनियोजित षडयन्त्र के तहत उसे अपनी बातों में फसा लिया और कहा कि अभी हमारे ऑफिस में एक स्कीम चल रही है अगर तुम आज ही रजिट्रेशन कराते हो तो तुमको 10 प्रतिशत का डिस्काउन्ट दिया जायेगा। उससे रजिट्रेशन के नाम पर 15 हजार रूपये नकद जमा करवा दिये और दो दिन के भीतर अपने सभी मूल दस्तावेज इत्यादि प्रपत्र जमा करन को कहा । धीरे-धीरे उक्त लोगों ने उससे विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर 2 लाख 30 हजार रूपये ले लिये। उसने द्वारा उसे एक फर्जी दुबई का वीजा का प्रपत्र भी दिया गया और विदेश भेजने हेतु टाल मटोल करने लगे। साथ ही 1 लाख रूपये की ओर माँग करने लगे। आरोप है मना करने व अपनी धनराशि की माँग करने पर उपरोक्त लोंगों द्वारा उसके साथ मारपीट की और पैसे माँगने पर जान से मारने की धमकी दी । मिथुन हलदार, राजू हलदार, सुनील हलदार,व सतपाल सिह द्वारा प्रार्थी के साथ एक सुनियोजित षडयन्त्र रच विदेश भेजने के नाम पर धोखाधडी की है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन कोई कार्रवारई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अवैध कालोनाईजरों के खिलाफ....**सड़क बनाए जाने का मांग की जा रही है। जबकि कॉलोनी में सड़क, पानी जल की व्यवस्था करना कॉलोनाइजर की जिम्मेवारी है। उनके द्वारा जब विभिन्न कॉलोनियों का निरीक्षण किया गया तो अधिकांश कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा पानी बिजली जल की व्यवस्था नहीं की गई है जो कि कॉलोनाइजर की एक बहुत बड़ी गैर जिम्मेदाराना हरकत है। जल व्यवस्था,बिजली व्यवस्था व सड़क व्यवस्था करने का काम कॉलोनाइजर द्वारा किया जाता है। जो कि आला अधिकारियों की मिलीभगत से नही किया गया। उन्होंने कहा कि देवरिया, फुलसुंगा, आनंदपुर, बनखंडी आदि विभिन्न स्थानों पर कॉलोनाइजर द्वारा कालोनियां काटी गई है जहां मानक को ताकत पर रख दिया गया है। किंतु किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है जबकि एकमात्र वसंत गार्डन को प्रशासन द्वारा टारगेट किया गया है। बसंत गार्डन की ही तरह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनों कालोनियां काटी गई है जिस पर प्रशासन द्वारा जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों के अंदर अन्य कॉलोनीयों पर भी प्रशासन द्वारा विकास के लिए कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका लगाएंगे और समस्त कॉलोनाइजरों द्वारा काटी गई कॉलोनी में सड़क बिजली पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग करेंगे। पत्रकार वार्ता में नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, ओमप्रकाश दुआ, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**आर्मी आफिसर बनकर...**वापिस कर देंगें। उनकी बातों पर भरोसा करते हुये उनके द्वारा उपलब्ध करायें गये मोबाइल पर स्केनर के जरिये 17999 रूपये स्केनर के जरिये ट्रान्सफर कर दिया तो मोबाइल फोन करने वाले ने कहा कि आपका ट्रान्जेक्शन लेट हुआ है जिस कारण यह राशि हमारे हेड आफिस में एसेप्ट नहीं हुई है तुम दुबारा इतनी धनराशि ट्रान्सफर करो। मैनें पुनः उनकी बातों पर भरोसा करते हुये पुनः 17,999 रूपये मोबाइल स्केनर के जरिये ट्रान्सफर कर दिये। इस बार भी उक्त कथित आर्मी अधिकारी ने पुन पहले वाली बात दोहराई इस तरह उक्त कथित आर्मी मेन ने मेरे से 17,999 रूपये को 3 बार तथा अन्तिम बार 24,999 रूपये ट्रान्सफर कराया । इस प्रकार कुल 78997 रूपये उक्त आर्मी अधिकारी को स्केनर के जरिये ट्रान्सफर कर दिये। उसके पश्चात उक्त आर्मी अधिकारी ने फोन पर ही कहा किं थोड़ी देर में अपने आफिस से परमिशन लेकर गार्ड को आपके पास भेज दूँगा तो आप बस लेकर गार्ड के साथ चले जाना। उसके बाद न तो उक्त आर्मी अधिकारी का फोन आया और न ही कोई गार्ड आया। उक्त कथित आर्मी अधिकारी ने उसके साथ ठगी एवं धोखाधड़ी करके बस बुकिंग के नाम पर आर्मी नियमों को बताकर 78,997 रूपये ठग लिये हैं। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सड़क दुर्घटना में बुझा...**पुत्र जगदीश सिंह कोरंगा की उपचार के दौरान मौत हो गई और दूसरे युवक को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक घर का इकलौता चिराग था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**आईटीबीपी को मिले...**धारा में शामिल हुए। इन अधिकारियों को युद्ध कौशल, शस्त्र चालन, शारीरिक प्रशिक्षण, आसूचना, मानचित्र अध्ययन, सैन्य प्रशासन, कानून व मानव अधिकार जैसे सैन्य व पुलिस संबंधी विषयों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

**घर में घुसकर...**आए। सुनीता ने पुलिस को बताया कि भीम सिंह नामक आरोपी ने उसके बाल पकड़ लिए और घसीटते हुए उसके साथ बुरी तरह मार पिटाई की। महिला का आरोप है कि पूर्व में भीम सिंह उसके साथ कई बार छेड़छाड़ कर चुका है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी दंपति के खिलाफ धारा 323,452,504 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

**पति ने पत्नी पर किया...**में बताया कि प ति ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया जिससे दायें हाथ में चोट आयी है। पीड़िता ने पति के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगायी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# डीएम ने अस्पताल में बस हादसे के घायलों का जाना हाल





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल से कालाढूंगी लौट रही स्कूल की एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई बस में 32 लोग सवार थे जिनमें से 7 लोगों की मौत हो गई है 22 अन्य लोग जो गंभीर रूप से घायल है उनको इलाज के लिए हल्द्वानी के सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बाकी अन्य तीन घायल जिनको हल्की चोटे आई हैं उनका प्राथमिक उपचार किया गया है। देर रात डीएम वंदना सिंह ने सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। यह पूरा मामला मंगोली के पास घटगढ़ का है जब हरियाणा के हिसार जिले की एक स्कूल बस स्कूल के स्टाफ को लेकर नैनीताल से कालाढूंगी की ओर आ रही थी कि अचानक बस का नियंत्रण खो गया और अचानक बस गहरी खाई में गिर गई। जिसमें बैठे 32 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर कालाढूंगी थाना पुलिस, एसडीआर एफ,एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद मीणा, एसडीएम कालाढूंगी रेखा कोहली, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा,सीओ हल्द्वानी भूपेंद्र धोनी, एसपी सिटी हरबंश सिंह समेत पूरा पुलिस प्रशासन पहुंच गया, जहां पर रेस्क्यू अभियान चलाया गया 22 घायलों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां कई घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है वही इस घटना में 7 लोगों की मौत हुई है। देर रात डीएम नैनीताल वंदना सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया, इसके बाद वह सुशीला तिवारी हॉस्पिटल पहुंची और उन्होंने गंभीर रूप से घायलों का हाल–चाल जाना मीडिया से बात करते हैं उन्होंने बताया कि जो भी घायल सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में है उनका इलाज चल रहा है डॉक्टर से सभी घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज दिए जाने के निर्देश उनके द्वारा दिए गए हैं घटना में 7 लोगो की मौत हुई है, उन्होंने कहा जरूरत पड़ने पर घायलों को हायर सेंटर में रेफर भी किया जाएगा डीएम ने कहा सड़क हादसा किस वजह से हुआ है इसका पता लगाया जा रहा है इसकी जांच की जाएगी और जो भी तथ्य होंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल जिला प्रशासन की प्राथमिकता घायलों को बेहतर इलाज देना है। फिलहाल इस समय सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में 22 गंभीर रूप से घायल मरीज भर्ती वही इस दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हुई। सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती घयलों में सोनाली उम्र 26 वर्ष पुत्री सुभाष निवासी हिसार नैनीकला हरियाणा, पूजा उम्र 26 पुत्री लीलू राम, मोनिका उम्र–31 पत्नी प्रवीण निवासी आर्यनगर हिसार, मुस्कान उम्र–21 वर्ष पुत्री सुभाष निवासी हिसार हरियाणा, कमलप्रीत कौर उम्र 13 वर्ष हिसार,इशिता वर्ष उम्र 5 वर्ष निवासी हिसार हरियाणा,विनीता 28 वर्ष निवासी हिसार हरियाणा,सोनिया 26 वर्ष निवासी हिसार, अमरजीत उम्र 31 वर्ष हिसार हरियाणा,रोमिला 59 वर्ष हिसार हरियाणा,रोगन सिंह उम्र 34 वर्ष,प्रियंका 32 वर्ष हिसार हरियाणा,सुनीता 34 वर्ष हिसार हरियाणा,अभिषेक पुत्र निलुराम निवासी हिसार,शिवेंद्र कौर उम्र 40 वर्ष हिसार हरियाणा,कपिल पुत्र हवा सिंह उम्र 36 वर्ष हिसार हरियाणा अंकित पुत्र ,विनोद कुमार उम्र 14 वर्ष आर्यनगर, उर्मिला 35 वर्ष हिसार,करीना पुत्र प्रेम कुमार उम्र 23 वर्ष हिसार,सुमन उम्र 42 निवासी हिसार,अंजली उम्र– 41 साल,भरत सिंह उम्र– 37 वर्ष,बिंदु पुत्री सतवीर उम्र– 35, अभिषेक पुत्र सतवीर उम्र–27 वर्ष हिसार आदि शामिल हैं। वही सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में घायलों को भर्ती करवाने के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, तहसीलदार सचिन कुमार, कोतवाल हरेंद्र चौधरी,एसएसआई विजय मेहता, एसआई रविन्द्र राणा, राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल अरुण जोशी, जनसंपर्क अधिकारी आलोक उप्रेती एवं हल्द्वानी तहसील और पुलिस स्टाफ आदि लोग मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन से वार्ता के बाद राईस मिलर्स एसोसिएशन की हड़ताल समाप्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग से वार्ता के बाद राईस मिलर्स एसोसिएशन ने हड़ताल समाप्त कर दी है। हड़ताल समाप्त करने की घोषणा के साथ ही कच्चा आढ़तियों एवं राईस मिलर्स के पंजीकरण की तिथि बढ़ाये जाने के सम्बंध में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन संभागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं संभाग को सौंपा है। बता दें मांगों को लेकर कच्चा आढ़तियों एवं राईस मिलर्स ने धान नहीं खरीदने का ऐलान किया था। इस सम्बंध में जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग के साथ मिलर्स की बैठक के बाद एसोसिएशन ने हड़ताल समाप्त करने का ऐलान कर दिया। अब कच्चा आढ़ती और राईस मिलर्स नियमानुसार धान खरीदेंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस सम्बंध में एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी अग्रवाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन संभागीय खाद्य नियंत्रक को सौंपकर कच्चा आढ़तियों एवं मिलर्स के लिए पंजीकरण की समयावधि को 9 अक्टूबर से बढ़ाकर 25 अक्टूबर करने की मांग की। जिस पर खाद्य नियंत्रक ने समयावधि बढ़ाने का आश्वासन दिया।



## इंदिरा कालोनी में धूमधाम से निकली ध्वज यात्रा





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब इंदिरा कॉलोनी के तत्वाधान में प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन से पूर्व ध्वज यात्रा बड़ी ही धूमधाम के साथ निकली गई। ध्वज यात्रा श्री शिव मंदिर इंदिरा कॉलोनी से प्रारंभ होकर सभी गलियों एवं आदर्श कॉलोनी का भ्रमण करती हुई श्री रामलीला ग्राउंड इंदिरा कॉलोनी में पहुंची।वहां पर विधिवत पूजन कर ध्वजा श्री रामलीला मंच पर स्थापित की गयी। पंडित शुभम शर्मा द्वारा सभी कलाकारों के साथ मंच का भूमि पूजन कराया गया एवं कलाकारों एवं सदस्यों ने प्रभु श्री राम जी की लीला का मंचन मर्यादा में रहकर एवं स्वच्छ भाव से करने का संकल्प लिया , उपरांत आरती की गई । आरती के उपरांत जगमोहन अरोड़ा एवं सुरेंद्र घई के सौजन्य से सभी को पुलाव एवं लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने बताया कि 11 अक्टूबर से प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी जनता से प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन देखने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

